POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 28.03.2025

1.थाना बादलपुर पुलिस द्वारा जीटी रोड पर एक्सीडेन्ट करने वाली रोडवेज बस को कब्जे मे लेकर बस चालक को किया गया गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 28.03.2025 की रात्रि को थाना बादलपुर क्षेत्र के अंतर्गत जीटी रोड पर ग्राम डेरी मच्छा के सामने दादरी की तरफ ठेली लेकर जा रहे 04 लोगों को रोडवेज बस रजि0नं0 UP78JN9889 के चालक द्वारा टक्कर मारकर घायल कर दिया गया था, जिन्हे इलाज हेतु नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर इलाज के दौरान 1. गौरव पुत्र धर्मेन्द्र 2. निखिल पुत्र भोला निवासीगण ग्राम खानपुर थाना चोला जिला बुलन्दशहर की मृत्यु हो गयी तथा रचित पुत्र अशोक व मनीष पुत्र हरिकिशन निवासी गण उपरोक्त को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया ।

कार्रवाई का विवरण-- उक्त प्रकरण के संबंध में थाना बादलपुर पर मु0अ0सं0 0090/2025 धारा 281,106(1),125(b) BNS दर्ज किया गया तथा थाना बादलपुर पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए उक्त दुर्घटना में प्रयुक्त रोडवेज बस रजि0नं0 UP78JN9889 को बरामद करते हुये बस चालक राजेश पुत्र महिपाल सिंह निवासी मलेहपुर थाना अतरौली जिला अलीगढ़ को **गिरफ्तार** किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. राजेश पुत्र महिपाल सिंह निवासी मलेहपुर थाना अतरौली जिला अलीगढ़ ।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 0090/2025 धारा 281,106(1),125(b) BNS थाना बादलपुर पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2.थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस द्वारा मन्दिर के दानपात्र से हुयी चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 04 बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया गया, कब्जे से चोरी के 19,000 रूपये नगद बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 28.03.2025 को वादी मुकदमा द्वारा थाना सेक्टर-58 नोएडा पर तहरीर देकर सूचना अंकित करायी गयी कि बीएचईएल विनायक सोसायटी के अन्दर मन्दिर के दान पात्र में रखे रूपयों को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। वादी द्वारा दी गई सूचना के आधार पर थाना सेक्टर-58, नोएडा पर मु0अ0सं0-127/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 28.03.2025 को थाना सेक्टर-58 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से उपरोक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए बीएचईएल विनायक सोसायटी के अन्दर मन्दिर के दान पात्र से चोरी करने वाले 04 बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया गया है, जिनके कब्जे से चोरी के कुल नकद 19,000 रूपये बरामद हुये है।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0-127/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना सेक्टर-58, नोएडा।

बरामदगी का विवरण--

1. चोरी के नकद 19,000 रूपये